हरिभूमि
रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार 16 अक्टूबर 2026

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

4

ग्रामीण विकास व जनसुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकताः ओपी



खबर संक्षेप



पटवारियों की हड़ताल से बैरंग लौट रहे लोग

रायगढ़। पीवी ऐप के माध्यम से फसलों के भौतिक सत्यापन में आ रही तकनीकी और व्यावहारिक समस्याओं के समाधान तथा वेतन विसंगतियों को दूर करने सहित कई मांगों को लेकर बीते 13 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन हड़ताल कर रहे हैं। पटवारियों की इस हड़ताल का असर अब तहसील कार्यालय में भी नजर आ रहा है। तहसील कार्यालय पूरी तरह से वीरान हो गया है, वहीं यहां अपने काम लेकर आ रहे लोग बैरंग वापस लौट रहे हैं। बता दें कि पटवारियों ने शासन को पीवी ऐप में फसलों के भौतिक सत्यापन में परेशानियों अवगत कराते हुए इस ऐप में तकनीकी रूप से सुधार करने की मांग की है। किंतु कई बार शासन के समक्ष परेशानियों का रखने के बाद भी इस ओर ध्यान नहीं देने की वजह से पटवारियों ने अनिश्चितकालीन हड़ताल की राह चुनी है। पटवारी संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से फसलों के भौतिक सत्यापन के दौरान कई तरह की त्रुटियां सामने आ रही है, जो भविष्य में जमीन की वास्तविक स्थिति को लेकर विवाद का कारण बन सकते हैं। फिलहाल इस अनिश्चित कालीन हड़ताल की वजह से तहसील कार्यालय में कई तरह के काम प्रभावित हो रहे हैं। यह हड़ताल ऐसे समय में चल रहा है जब धान खरीदी की प्रक्रिया सिर पर हैं और फसलों का सत्यापन करना जरूरी है। हालांकि इस ऐप में आ रही तकनीकी खामियों के कारण पेंच अभी से ही फंसता नजर आ रहा है। पटवारियों के हड़ताल की वजह से बटांकन व सीमांकन सहित पटवारियों से जुड़े हर तरह के काम ठप पड चुके हैं। ऐसे में तहसील कार्यालय आने वाले लोगों का नहीं हो पा रहा है, जिसकी वजह से वे बैरंग लौटने को मजबूर हैं। ऐसे में उन्हें काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

जिला अस्पताल में 22 को कैंसर जांच शिविर

रायगढ़। कैंसर की समय पर पहचान और उचित उपचार की दिशा में जिला अस्पताल में विशेष पहल की जा रही है। किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय में 22 अक्टूबर को निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर आयोजित होगा। शिविर में महिलाओं के लिए पिंक वैन के माध्यम से ब्रेस्ट कैंसर की जांच की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

अवैध शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

रायगढ़। खरसिया पुलिस ने महुआ शराब की बिक्री के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 20



लीटर महुआ शराब और परिवहन में इस्तेमाल की जा रही होंडा लिवो मोटरसाइकिल जब्त की है। जब्त संपत्ति की कुल कीमत करीब 34 हजार रुपए बताई गई है। रानीसागर ओवरब्रिज के नीचे रजघटा मोड़ के पास एक व्यक्ति बाइक पर महुआ शराब रखकर ग्राहकों का इंतजार कर रहा था। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर संदिग्ध को पकड़ लिया।

किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने केलो परियोजना अंचल के लिए वरदान : सीएम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ

खास बात

- किसानों की समृद्धि, सुशासन और जनसेवा हमारी सरकार की प्राथमिकता





सीएम विष्णुदेव साय ने कहा कि नुआखाई किसानों की मेहनत, नई फसल और समृद्धि से जुड़ा महत्वपूर्ण त्योहार है। प्रदेश सरकार किसानों की खुशहाली के लिए निरंतर काम कर रही है और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत करने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने के लिए केलो परियोजना का कार्य प्रारंभ हुआ है, जो इस अंचल के लिए वरदान साबित होगी। सरकार ने 10 हजार करोड़ से अधिक की नई परियोजनाएं शुरू की हैं। सीएम श्री साय गुरुवार को शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी स्टेडियम में आयोजित कोलता समाज के नुआखाई भेंटघाट एवं प्रतिभा सम्मान समारोह में शिरकत करने पहुंचे थे। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम कोतरलिया के चंडी डोंगरी में सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन के लिए 30 लाख तथा नगर पंचायत पुसौर में कोलता समाज के मंगल भवन के लिए 50 लाख देने की घोषणा की। साथ ही बाउंड्रीवॉल निर्माण की भी घोषणा की। सीएम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्रदेश में प्रतिदिन लगभग 1600 आवासों का निर्माण किया जा रहा है। सीएम ने कहा कि प्रदेश सरकार सुशासन, पारदर्शिता और जनसेवा को प्राथमिकता दे रही है। प्रदेश में नक्सलवाद को समाप्त करने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता मिली है तथा आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास के लिए 15 हजार आवासों की स्वीकृति दी गई है। आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए सुशासन एवं अभिसरण विभाग, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, सेवा सेतु और अटल डिजिटल सेवा केंद्र जैसी पहल शुरू की गई हैं। मुख्यमंत्री हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री ने प्रतिभा सम्मान समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि शिक्षा और प्रतिभा के बल पर युवा प्रदेश का नाम रोशन करें। इस अवसर पर उन्होंने समाज प्रमुखों एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों के साथ नुआखाई का पारंपरिक भोजन भी ग्रहण किया।

कोलता समाज की संस्कृति और संस्कार अनुकरणीय : ओपी

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि पुसौर, सरिया से लेकर तमनार, लैलूंगा और धरमजयगढ़ तक कोलता समाज के लोग अपनी ईमानदारी, सज्जनता और संस्कारों के लिए पहचाने जाते हैं। समाज की गौरवशाली संस्कृति और परंपराएं सभी के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को शिक्षा, रोजगार, उद्यमिता और प्रतियोगी परीक्षाओं में आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। वित्त मंत्री ने क्षेत्र के विकास कार्यों के लिए मुख्यमंत्री के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सांकरा में लिफ्ट सिंचाई परियोजना, पुसौर एवं सरिया में रजिस्ट्री कार्यालय, 100 बिस्तरों अस्पताल, नर्सिंग कॉलेज और नालंदा परिसर जैसी सुविधाएं क्षेत्र के विकास को नई दिशा दे रही हैं। वित्त मंत्री ने बेलरिया में विधायक निधि से 25 लाख की लागत से सामुदायिक भवन बनवाने की घोषणा की।

झलमला सब स्टेशन से जुड़े गांवों में बिजली की अनियमित आपूर्ति से खेती-किसानी प्रभावित

पुसौर क्षेत्र के 16 गांवों में बिजली संकट से हाहाकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली की अघोषित कटौती ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खेती-किसानी के महत्वपूर्ण समय में जब फसलों को बचाने के लिए नियमित सिंचाई की जरूरत है, तब बिजली की अनियमित आपूर्ति किसानों के लिए बड़ी समस्या बन गई है। बार-बार बिजली गुल होने से खेतों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पा रहा है। इससे नाराज झलमला और आसपास के गांवों के किसानों ने अब बिजली विभाग के खिलाफ आवाज उठाई है। किसान नेता लल्लू सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों और युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बिजली विभाग के कार्यालय पहुंचकर विरोध जताया और कार्यपालन अभियंता (ईई) को ज्ञापन सौंपकर जल्द व्यवस्था सुधारने की मांग की।किसानों ने इस संबंध में बताया कि झलमला सब स्टेशन से जुड़े 16 गांवों के उपभोक्ता बिजली की अघोषित कटौती से परेशान हैं। बिजली आपूर्ति का कोई निश्चित भरोसा नहीं रहने से खेती से जुड़े कार्यों की योजना बनाना मुश्किल हो गया है। खेतों में सिंचाई के लिए बिजली की आवश्यकता होती है, लेकिन बार-बार आपूर्ति बाधित होने से किसानों को समय पर पानी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में फसलों को बचाने की चिंता किसानों को सता रही है। बिजली की समस्या केवल खेती तक सीमित नहीं है। अघोषित कटौती के कारण घरों में भी दैनिक कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली पर निर्भर कई जरूरी कार्य बाधित होने से लोगों को अतिरिक्त परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि बार-बार समस्या सामने आने के बावजूद इसका स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। ज्ञापन के माध्यम से किसानों ने नेतनागर गांव में ट्रांसफार्मर नहीं लगाए जाने का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। किसान नेता लल्लू सिंह का कहना है कि इस संबंध में कई बार विभाग को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इसी तरह बिंजकोट गांव में भी बिजली व्यवस्था को लेकर परेशानी बनी हुई है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से इन दोनों गांवों की समस्या को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

इन 16 गांवों के लोग झेल रहे परेशानी

इस संबंध में किसान नेता लल्लू सिंह के अनुसार, झलमला सब स्टेशन से जुड़े झलमला, मिडमिडा, मालदा, डुमरमुड़ा, दर्रमुड़ा, गुड़गहन, केशला, नवापाली, बोर्डीही, बिंजकोट, धनुवाडेरा, एकताल, बड़मल, रेंगालपाली, नेतानगर और भाठनपाली गांव के लोग बिजली की समस्या से परेशान हैं। इन गांवों के किसानों और ग्रामीण उपभोक्ताओं को राहत दिलाने के लिए विभाग से जल्द कार्रवाई की मांग की गई है।

समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

बिजली विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपते हुए इस समस्या से जूझ रहे किसानों ने ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति नियमित करने और नेतनागर व बिंजकोट में ट्रांसफार्मर से जुड़ी समस्या का जल्द निराकरण करने की मांग की है। इस दौरान किसानों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो वे उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।

ओडिशा से गांजा लाकर बेचने वाला गिरफ्तार

रायगढ़। ओड़िशा से गांजा लाकर रायगढ़ और आसपास के क्षेत्रों में बेचने के आरोप में पुलिस ने फरार आरोपी जफर खान 55 को गिरफ्तार किया है। चक्रधरनगर पुलिस ने तमनार क्षेत्र के ग्राम बिजना में दबिश देकर उसे पकड़ा। पुलिस ने गांजा तस्करी में इस्तेमाल की गई मोटर साइकिल भी जब्त की है। आरोपी को एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार ग्राम लामीदरहा के सड़कपारा स्थित एक किराना दुकान में गांजा बेचने की सूचना पर छापेमारी की गई थी। मौके से रशीदन खान और उसके बेटे शेख नसीब को पकड़ा गया। तलाशी में दोनों के कब्जे से 1 किलो 28 ग्राम गांजा बरामद हुआ था। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 20, बी और 29 में अपराध दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार किया गया था।

5वीं-8वीं के रिजल्ट का बदलेगा पैटर्न प्रोजेक्ट वर्क के भी मिलेंगे अंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

5वीं में 50 और 8वीं में 100 अंकों का होगा मूल्यांकन, मार्च में आएगा



इस बार कक्षा 5वीं और 8वीं के विद्यार्थियों के लिए परीक्षा और मूल्यांकन की व्यवस्था में बदलाव किया गया है। अब इन दोनों कक्षाओं में भी 10वीं और 12वीं की तर्ज पर सैद्धांतिक परीक्षा के साथ प्रोजेक्ट वर्क के अंक जोड़े जाएंगे। इसके अलावा वार्षिक परीक्षा के परिणाम में अर्धवार्षिक परीक्षा के अंकों का भी 30 प्रतिशत अधिभार शामिल किया जाएगा। लोक शिक्षण संचालनालय ने केंद्रीकृत परीक्षा, अंकसूची और नॉमिनल रोल को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

इस नई व्यवस्था के तहत कक्षा 5वीं की वार्षिक परीक्षा कुल 50 अंकों की होगी। इसमें 40 अंक सैद्धांतिक परीक्षा और 10 अंक प्रोजेक्ट वर्क के लिए निर्धारित किए गए हैं। वहीं, कक्षा 8वीं की वार्षिक परीक्षा 100 अंकों की होगी, जिसमें 80 अंक लिखित परीक्षा और 20 अंक प्रोजेक्ट वर्क के होंगे। विद्यार्थियों के परीक्षा परिणाम में प्राप्त अंकों के आधार पर ग्रेड भी निर्धारित किए जाएंगे। इस व्यवस्था का उद्देश्य विद्यार्थियों के मूल्यांकन में लिखित परीक्षा के साथ प्रोजेक्ट आधारित गतिविधियों को भी महत्व देना है। इससे विद्यार्थियों की विषय संबंधी समझ और व्यावहारिक कार्यों में भागीदारी का आकलन भी किया जा सकेगा। मुख्य बात यह है कि इस नई प्रक्रिया के तहत कक्षा 5वीं और 8वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम तैयार करते समय केवल मुख्य परीक्षा के अंकों को ही आधार नहीं बनाया जाएगा। इसमें अर्धवार्षिक परीक्षा के प्रदर्शन को भी शामिल किया जाएगा। शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार अर्धवार्षिक परीक्षा के अंकों का 30 प्रतिशत अधिभार जोड़कर अंतिम परिणाम तैयार किया जाएगा। इसका मतलब है कि विद्यार्थियों को पूरे शैक्षणिक सत्र में पढ़ाई पर ध्यान देना होगा। केवल वार्षिक परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करना ही पर्याप्त नहीं होगा, बल्कि अर्धवार्षिक परीक्षा में प्रदर्शन भी परिणाम को प्रभावित करेगा। इस बदलाव के बाद कक्षा 5वीं और 8वीं के विद्यार्थियों के मूल्यांकन में लिखित परीक्षा, प्रोजेक्ट वर्क और अर्धवार्षिक परीक्षा तीनों की भूमिका रहेगी। वहीं, मार्च में परीक्षा आयोजित कर महीने के अंत तक परिणाम घोषित करने की तैयारी की जा रही है, ताकि नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत निर्धारित समय पर हो सके।

इस प्रकार है ग्रेडिंग का प्रारूप

ग्रेड	प्रतिशत/अंक
ए+ ग्रेडः	90 प्रतिशत से अधिक अंक
ए ग्रेडः	80 प्रतिशत से अधिक अंक
बी+ ग्रेडः	70 प्रतिशत से अधिक अंक
बी ग्रेडः	60 प्रतिशत से अधिक अंक
सी+ ग्रेडः	50 प्रतिशत से अधिक अंक
सी ग्रेडः	40 प्रतिशत से अधिक अंक
डी ग्रेडः	33 से 40 प्रतिशत अंक
ई ग्रेडः	33 प्रतिशत से कम अंक

कक्षा 1 से 12वीं तक 1 दिसंबर से अर्धवार्षिक परीक्षा

शिक्षा विभाग ने इस बार जिले में तिमाही और अर्धवार्षिक परीक्षाएं एक ही तिथि पर आयोजित करने की व्यवस्था की है। कक्षा 1 से 12वीं तक की अर्धवार्षिक परीक्षाएं 1 दिसंबर से शुरू होंगी। इसके लिए समय-सारणी पहले ही जारी की जा चुकी है। निर्देशों के अनुसार सभी स्कूलों को शैक्षणिक कैलेंडर के मुताबिक निर्धारित समय में पाठ्यक्रम पूरा कराना होगा। अर्धवार्षिक परीक्षा के प्रश्नपत्र ब्लू प्रिंट के आधार पर तैयार किए जाएंगे। प्रश्नपत्रों की छपाई का काम 25 नवंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था वार्षिक परीक्षा के समान रखने को कहा गया है।

दुष्कर्म के आरोपी को 20 साल का कारावास

रायगढ़। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में रायगढ़ की विशेष पॉक्सो अदालत ने आरोपी मनीष सारथी को दोषी करार देते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने आरोपी पर अर्थदंड भी लगाया है। वहीं पीड़िता के पुनर्वास और चिकित्सा संबंधी जरूरतों को देखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को 5 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति राशि उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने की अनुशंसा की गई है। यह प्रकरण पुसौर थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार जून 2025 में नाबालिग के लापता होने पर परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान बालिका के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर मनीष सारथी के विरुद्ध कार्रवाई की। विवेचना पूरी होने के बाद आरोपी के खिलाफ न्यायालय में अभियोग पत्र पेश किया गया। मामले की सुनवाई अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एफटीएससी पॉक्सो अदालत की पीठासीन अधिकारी देवेंद्र साहू ने की । सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने गवाहों के बयान और अन्य साक्ष्य प्रस्तुत किए। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर अदालत ने आरोपी को दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास और अर्थदंड से दंडित किया। अन्य धाराओं में सुनाई गई कारावास की सजाएं साथ.साथ भुगतने का आदेश दिया गया है। अदालत ने पीड़िता के पुनर्वास और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायगढ़ को 5 लाख रुपए की क्षतिपूर्ति राशि प्रदान करने के लिए आवश्यक कार्रवाई की अनुशंसा की है।



खबर संक्षेप

जनपद अध्यक्ष ने किया किसान समृद्धि केंद्र का उद्घाटन



पुसौर। नगर पंचायत पुसौर में आत्मनिर्भरता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम उठाया गया। पुसौर महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा संचालित किसान समृद्धि केंद्र व गौधन पोषण एवं पशु विकास केंद्र का भव्य शुभारंभ जनपद पंचायत पुसौर की अध्यक्ष श्रीमती हेमलता चौहान के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। नगर पंचायत वार्ड 8 की पार्षद श्रीमती अणिमा अंशु साव, विकासखंड संगठन अध्यक्ष श्रीमती फूलकुंवर भूमिया और नगर पंचायत पुसौर के युवा एल्डरमैन विकास होता की उपस्थिति में हेमलता चौहान ने फीता काटकर केंद्र का अनावरण किया और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में जनपद अध्यक्ष हेमलता चौहान ने कहा कि यह केंद्र केवल एक दुकान नहीं बल्कि महिला सशक्तिकरण का मंदिर है। उन्होंने कहा कि जब गांव की महिला आत्मनिर्भर बनती है तो पूरा गांव समृद्ध होता है और पुसौर की बिहान दीदियों ने आज यह साबित कर दिया है कि वे केवल खेतों में काम करने वाली मजदूर नहीं बल्कि एक सफल उद्यमी भी बन सकती हैं। उन्होंने पुसौर महिला किसान प्रोड्यूसर कंपनी की पूरी टीम को बधाई देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की लखपति दीदी की परिकल्पना अब पुसौर की धरती पर साकार हो रही है।

200 साल पुरानी जंग मिट्टी के किले पर सारंगढ़ का गढ़ विच्छेदन उत्सव



कटेली। सारंगढ़ का ऐतिहासिक गढ़ विच्छेदन उत्सव शारदीय नवरात्रि के समापन पर विजयादशमी दशहरा के दिन अत्यंत धूमधाम और पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया जाता है। यह अनूठी परंपरा रियासत काल से चली आ रही है, और लगभग 200 वर्षों से भी अधिक पुरानी है। सिका संचालन सारंगढ़ राज परिवार द्वारा किया जाता है।
इस ऐतिहासिक उत्सव की शुरुआत सारंगढ़ राज परिवार की उपस्थिति और राजा के उद्बोधन के साथ होती है। इस भव्य आयोजन में जिला प्रशासन और स्थानीय विधायक भी शामिल होते हैं। उत्सव के लिए गढ़ चौक पर मिट्टी के टीले के रूप में एक अस्थायी किला गढ़ तैयार किया जाता है। इस टीले के चारों तरफ पानी से भरा एक सुरक्षा गड्ढा होता है। प्रतियोगिता के दौरान मिट्टी के इस टीले के ऊपर सुरक्षा प्रहरियों के रूप में स्वयंसेवक सैनिक की वेशभूषा में मुस्तैद रहते हैं। नीचे से प्रतियोगी नुकीले औजारों की मदद से मिट्टी खोदते हुए ऊपर चढ़ने का प्रयास करते हैं। सैनिकों की सुरक्षा को भेदकर और जद्दोजहद का सामना करते हुए जो भी प्रतिभागी सबसे पहले मिट्टी के टीले ;गढ़द्ध के शीर्ष पर पहुंचने में सफल होता है, उसे गढ़ विजेता की पदवी से नवाजा जाता है। गढ़ विच्छेदन की इस साहसी रस्म के पूरा होने के बाद ही शहर में रावण दहन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत होती है। इस अद्भुत नजारे को देखने के लिए सारंगढ़ और आसपास के ग्रामीण अंचलों से लगभग 20 हजार से अधिक लोगों की भारी भीड़ उमड़ती है, जिससे पूरा क्षेत्र मेले के रंग में डूब जाता है।

डायबिटीज क्लिनिक में पहले ही दिन 6 बच्चों को किट वितरित

कटेली। स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार और बच्चों में बढ़ती गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के त्वरित प्रबंधन की दिशा में



जिला चिकित्सालय सारंगढ़ में टाइप 1 डायबिटीज क्लिनिक का विधिवत शुभारंभ किया गया। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू एवं जिला पंचायत अध्यक्ष संजय भूषण पांडेय की उपस्थिति में किया गया। जिला चिकित्सालय में इस क्लिनिक का संचालन प्रत्येक बुधवार को प्रातः 10 बजे से दोपहर 02 बजे तक नियमित रूप से किया जाएगा। क्लिनिक में डॉ. भारती पटेल एवं प्रशिक्षित स्वास्थ्य दल द्वारा टाइप.1 डायबिटीज से पीड़ित बच्चों की जांच, परामर्श एवं उपचार की सुविधा प्रदान की जाएगी। शुभारंभ के पहले ही दिन क्लिनिक पहुंचे 6 पीड़ित बच्चों का विधिवत पंजीयन कर उन्हें निःशुल्क इंसुलिन, ग्लूकोमीटर तथा ग्लूको.स्ट्रिप्स युक्त मेडिकल किट प्रदान की गई। समारोह को संबोधित करते हुए सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल ने पीड़ित बच्चों के अभिभावकों को बीमारी की गंभीरता, आवश्यक सावधानियों तथा हाइपोग्लाइसीमिया हाइपरग्लाइसीमिया के लक्षणों के प्रति सजग किया।

शैक्षणिक गुणवत्ता, पाठ्यक्रम पूर्णता, छात्रवृत्ति और विद्यालयीन व्यवस्थाओं की हुई समीक्षा



रायगढ़। जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता को बेहतर बनाने, विद्यालयों में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने और आगामी बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम प्राप्त करने के उद्देश्य से प्राचार्यों की बैठक आयोजित की गई। विद्यालयों की शैक्षणिक गतिविधियों, योजनाओं के क्रियान्वयन और विभिन्न पोर्टलों पर दर्ज प्रगति की समीक्षा की गई। जिला शिक्षा अधिकारी ने पाठ्यक्रम पूर्णता, त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम तथा आगामी बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों पर विशेष जोर दिया। बैठक में विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर के अनुसार मेधावी एवं कमजोर विद्यार्थियों का चिन्हांकन कर उनके लिए अलग अलग कार्ययोजना तैयार करने, नियमित इकाई परीक्षाएं आयोजित करने, प्रश्न बैंक तैयार करने तथा विषयवार मार्गदर्शन की व्यवस्था पर चर्चा की गई।

शेयर मार्केट में मोटे मुनाफे का झांसा, ग्रामीण महिलाओं से 70.77 लाख की ठगी, मुख्य आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



शेयर मार्केट में पैसा लगाकर कम समय में रकम दोगुनी करने का लालच देकर ग्रामीण महिलाओं से 70.77 लाख रुपए की कथित ठगी के मामले में साइबर थाना पुलिस ने मुख्य आरोपी मिनकेतन सिदार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी ने महिला साथी मेनका सारथी के साथ मिलकर पुसौर क्षेत्र के ग्राम जतरी और आसपास की महिलाओं को निवेश के नाम पर झांसे में लिया था। आरोपी को तमनार क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक ग्राम जतरी निवासी हारा बाई निषाद सहित कई महिलाओं ने शिकायत दर्ज कराई थी कि मेनका सारथी अपने मायके आने पर महिलाओं को शेयर मार्केट में निवेश से अच्छा मुनाफा मिलने की बात बताती थी। उसने कम समय में रकम दोगुनी करने का भरोसा दिलाया। यहां तक कहा गया कि यदि रकम दोगुनी नहीं हुई तो वह और उसका पति अपनी गारंटी पर पैसा वापस दिलाएंगे। इस भरोसे में आकर महिलाओं ने नकद और ऑनलाइन माध्यम से लाखों रुपये दे दिए। हारा बाई निषाद से 17.53 लाख रुपए अनिता निषाद से 17.24 लाख, पुष्पा सिदार से 9 लाख, विष्णु प्रिया निषाद से 7.50 लाख और दुजकुंवर यादव से 5 लाख रुपए लिए गए। इसके अलावा आरती सिदार से 3 लाखए मोहनमती सिदार से 3.30 लाखए मुन्नी बाई सारथी से 3.40 लाख और अन्य महिलाओं से भी रकम ली गई। पुलिस के अनुसार इस मामले में कुल 70 लाख 77 हजार 901 रुपए प्राप्त किए जाने की शिकायत है। पुलिस जांच में सामने आया कि शुरुआत में कुछ निवेशकों को मुनाफे की रकम लौटाई गईए जिससे अन्य महिलाओं का भरोसा बढ़ा। बाद में भुगतान बंद हो गया। आरोप है कि महिलाओं को न तो मुनाफा मिला और न ही मूल रकम वापस की गई। कुछ महिलाओं ने ऋण लेकर भी निवेश किया थाए जिसके चलते उन्हें अब कर्ज की किस्तें चुकानी पड़ रही हैं।

महिला आरोपी से पूछताछ में सामने आया नाम

मामले में साइबर पुलिस ने 22 जुलाई को धारा 318,4 और 3,5 में मेनका सारथी अक्षय सारथी और मीरा सोनवानी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी। बैंक खातों के लेनदेनए पीड़ितों के बयान और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने 6 अक्टूबर को मेनका सारथी को गिरफ्तार किया था। पूछताछ में मिनकेतन सिदार की भूमिका सामने आने के बाद पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। पुलिस के अनुसारए मिनकेतन ने ही निवेश के नाम पर रकम जुटाने की योजना बनाई थी। इसके बाद साइबर थाना पुलिस की टीम ने तमनार क्षेत्र के ग्राम आमगांव निवासी मिनकेतन सिदार 40 वर्ष पिता ब्रह्मा सिदार को पकड़ लिया। उसके कब्जे से मोबाइल फोन जब्त किया गया और बैंक खाते से संबंधित जानकारी जुटाई गई।

लगी श्रद्धालुओं की भीड़, गूंजे जयकारे

भव्य कलश यात्रा के साथ सरिया में नवरात्र उत्सव प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया



नवरात्र महोत्सव भारतीय जनमानस के लिए ऊर्जा और आनंद का पर्व है। प्रतिवर्ष मातृशक्ति जागरण के द्वारा स्त्री सशक्तिकरण का संदेश तो देता ही है। मानव जीवन में कन्या के महत्व को भी रेखांकित करता है। गुरुवार को नवोदय दुर्गोत्सव समिति के द्वारा भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। जिसमें नगर सहित आसपास गांव के श्रद्धालु कलश यात्रा में शामिल हुए।

नवरात्रि के पावन अवसर पर पंचमी के दिन भव्य कलश यात्रा महिला करमा नित्य एवं अन्य बाजे गाजे के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से गुजरती हुई पहाड़ तालाब पहुंची। जहां शुभ कलश वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ लाई गई। मुख्य कलश अजय शराप सपत्नीक के द्वारा लाया गया। तत्पश्चात महिला श्रद्धालु कलश लेकर लाइन लगी और दुर्गा पंडाल पर स्थापित किया गया। कलश यात्रा के स्वागत के लिए जगह जगह घरों के सामने रंगोली एवं कलश स्थापना किया गया तथा श्रद्धालुओं के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई। इस मौके पर आचार्य पंडित सत्यनारायण महापात्र ने बताया कि कलश स्थापना विशेष मंत्रों एवं विधियों से किया जाता है। इस कलश में सभी ग्रहए नक्षत्रों एवं तीर्थों का वास हो जाता है। आचार्य जी ने बताया कि देवताओं एवं ग्रह नक्षत्रों का शुभ प्रभाव से अनुष्ठान संपन्न होता है और अनुष्ठान कर्ता को पूजन एवं शुभ कार्य का पूर्ण लाभ मिलता है। नगर के रोड स्थित नवोदय दुर्गात्सव समिति सरिया सन 2007 से दुर्गात्सव का सफलतापूर्वक आयोजन कर रहा है। यह उत्सव का 20 वां वर्ष है। दुर्गा पंडाल पर कलश स्थापना के बाद सभी श्रद्धालुओं के लिए भंडारा का आयोजन किया गया। इस वर्ष नवोदय दुर्गोत्सव समिति ने उड़ीसा के प्रसिद्ध मां मेलोडी एवं छत्तीसगढ़ की कोरबा से महिला करमा नृत्य का आयोजन किया गया ।जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। कलश यात्रा में 1000 से ज्यादा महिला श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल उपाध्यक्ष अरुण शराप, वरिष्ठ पार्षद मोतीलाल स्वर्णकार, ने भी कलश यात्रा में शामिल होकर माता रानी से नगर एवं अंचल की सुखए शांति एवं समृद्धि की कामना की। कमलेश अग्रवाल ने कहा कि सरिया में नवोदय दुर्गा उत्सव समिति विगत 20 वर्षों से दुर्गोत्सव का भव्य आयोजन कर रहा है।

उधारी में सरपंचों ने कराया गांवों में विकास अब भुगतान के लिए भटक रहे पूर्व सरपंच



- 15 पंचायतों के 63 लाख अब भी अटके रायपुर तक स्वीकृति के बाद भी जनपद से नहीं मिला पैसा

पुसौर। पुसौर जनपद पंचायत में विकास कार्य कराना अब पूर्व सरपंचों के लिए गले की हड्डी बन गया है। साल 2024 में मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण मद से 15 ग्राम पंचायतों में सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति मिली थी। स्वीकृति के लिए सरपंचों को रायपुर तक दौड़ लगानी पड़ी, फिर अपने कार्यकाल में खुद की पूंजी और उधारी से काम पूरा करा दिया। अब जब वे सरपंच नहीं रहे तो उनके भुगतान की दूसरी किस्त आज तक नहीं मिली है।

इस संबंध में जनपद पंचायत पुसौर बीते 11 जुलाई 2025 का दस्तावेज सामने आया है। जनपद सीईओ ने कलेक्टर को पत्र लिखकर साफ कहा है कि उक्त कार्यों का मांग पत्र पूर्व में ही प्रेषित किया गया था, उपयोगिता, पूर्णता और फोटोग्राफ्स भी जमा हो चुके हैं, फिर भी राशि आज तक प्राप्त नहीं हुई है। 15 कार्यों के लिए कुल 127.10 लाख स्वीकृत था, जिसमें से 63.55 लाख प्रथम किस्त के रूप में प्राप्त हुआ और शेष 63.55 लाख की मांग लंबित है। नाम न छापने की शर्त पर एक पूर्व सरपंच ने बताया हम लोगों ने चुनाव आचार संहिता से पहले रायपुर जाकर मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद से स्वीकृति लाई। शासन से आधी राशि आई तो काम शुरू कियाए सोचा बाकी आ जाएगी।

ऐसे भेजे गए मांग पत्र

मांग पत्र 28 नवंबर 09 दिसंबर 24, 15 जनवरी 2024, 31जुलाई 24, 25सितंबर24, 28 अगस्त 24 और 22 सितंबर 2024 को भेजा जा चुका है। इसके बाद भी 10 महीने से फाइल रायगढ़ से रायपुर के बीच घूम रही है। पूर्व सरपंचों ने कलेक्टर और जिला पंचायत सीईओ से जल्द से जल्द 63.55 लाख की शेष राशि जारी कर उनके द्वारा लगाए गए पैसे का भुगतान किया जाए। नहीं तो उन्हें उधारी और ब्याज का बोझ उठाना पड़ेगा। इस संबंध में जब जनपद पंचायत पुसौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से पक्ष जानने के लिए संपर्क किया गया तो उन्होंने कहा 15 पंचायतों के अधोसंरचना मद के कार्यों के लिए प्रथम किस्त जारी हो चुकी थी। शेष 63.55 लाख के लिए हमने सभी उपयोगिता पूर्णता प्रमाण पत्र और मांग पत्र के साथ कलेक्टर जिला रायगढ़ के माध्यम से शासन को प्रस्ताव भेज दिया है।

झारा शिल्प को मिलेगा बढ़ावा, युवाओं को जोड़ा जाएगा अप्रेंटिसशिप से



रायगढ़। जिला निवेश प्रोत्साहन समिति की बैठक की गई। इसमें जिले में औद्योगिक विकास, उद्योगों से संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण, युवाओं के कौशल विकास और रोजगार के अवसर बढ़ाने सहित विभिन्न विषयों की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक में एक जिला एक उत्पाद योजना के अंतर्गत जिले के पारंपरिक झारा शिल्प को प्रोत्साहित करने पर विशेष चर्चा हुई। कलेक्टर ने कहा कि झारा शिल्प रायगढ़ की विशिष्ट पहचान है, जिसे व्यापक स्तर पर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने उद्योग प्रतिनिधियों से स्थानीय कारीगरों को प्रशिक्षण एवं प्रोत्साहन देनेए शिल्प के प्रचार प्रसार और इसके विकास में सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि उद्योगों के सुझाव और सहभागिता से इस पारंपरिक कला को नए अवसर मिल सकते हैं। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री अप्रेंटिसशिप कार्यक्रम के तहत सभी उद्योगों को पंजीयन कराने और निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप युवाओं को प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। बैठक में अप्रेंटिसशिप के दौरान युवाओं की निरंतर भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी चर्चा हुई। इस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को युवाओं की काउंसलिंग करने तथा उन्हें अप्रेंटिसशिप के महत्व और इससे मिलने वाले व्यावहारिक अनुभव की जानकारी देने को कहा ताकि युवा प्रशिक्षण अवधि पूरी कर उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकसित कर सकें। कलेक्टर ने बताया कि रायगढ़ के नालंदा परिसर में इन्क्यूबेशन सेंटर की स्थापना की तैयारी की जा रही है। इसके आगामी तीन से चार महीनों में पूर्ण होने की संभावना है। उन्होंने उद्योग प्रतिनिधियों से इस केंद्र का अधिकतम लाभ उठाने तथा नवाचार, नए उद्यमों और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने की अपील की।

सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय के संचालन का रास्ता साफ

सारंगढ़। नवगठित सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में सुनियोजित शहरी विकास और भविष्य की नगरीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास योजनाओं को गति देने की दिशा में जिला प्रशासन ने महत्वपूर्ण पहल की है। जिले में नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय के संचालन के लिए शासकीय भवन में कक्ष आबंटित कर दिया गया है। इससे जिले में व्यवस्थित नगरीय विकास, भूमि उपयोग की योजना, आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्रों के नियोजन सहित भविष्य की अधोसंरचना विकास संबंधी गतिविधियों को नई दिशा मिलने की उम्मीद है।

- सुनियोजित शहरी विकास को मिलेगी नई गति

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा नगरीय क्षेत्रों के सुनियोजित विकास और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है। इसी दिशा में नवगठित सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय के संचालन की व्यवस्था महत्वपूर्ण कदम है। इससे स्थानीय स्तर पर नगरीय नियोजन संबंधी कार्यों के समन्वय और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में सुविधा होगी। कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू के अनुमोदन पर नगर तथा ग्राम निवेश विभाग के क्षेत्रीय कार्यालय सारंगढ़ बिलाईगढ़ को जिला आयुष विभाग के साथ आबंटित किया गया है। जिलाप्रशासन द्वारा 14 अक्टूबर 2026 को जारी आदेश के अनुसार यह व्यवस्था आगामी आदेश तक प्रभावशील रहेगी। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के गठन के बाद नगरीय क्षेत्रों के विस्तार के साथ आवासीय, व्यावसायिक और सार्वजनिक उपयोग की भूमि के व्यवस्थित नियोजन की आवश्यकता लगातार बढ़ रही है। नगर तथा ग्राम निवेश विभाग की स्थानीय स्तर पर कार्यालयीन व्यवस्था उपलब्ध होने से भविष्य में विकास योजनाओं की तैयारी, भूमि उपयोग संबंधी प्रावधानों और नगरीय अधोसंरचना के सुनियोजित विस्तार में सहूलियत मिलेगी। साथ ही सारंगढ़ सहित जिले के अन्य नगरीय क्षेत्रों में दीर्घकालीन विकास की संभावनाओं को भी बल मिलेगा। जिला प्रशासन की इस पहल से नवगठित जिले में योजनाबद्ध विकास की दिशा में एक और महत्वपूर्ण प्रशासनिक सुविधा उपलब्ध होगी।

शिक्षकों का समर्पण, पालकों का सहयोग और विद्यार्थियों की मेहनत से साकार हो रहा नवोदय का सपना



रायगढ़। एनटीपीसी लारा द्वारा अपने परियोजना प्रभावित ग्रामों के विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराने के उद्देश्य से 03 लर्निंग सेंटरों के माध्यम से एनजीओ एसआईआर के सहायता से नवोदय, एकलव्य, जवाहर उत्कर्ष जैसे परीक्षाओं के लिये विशेष कोचिंग प्रदान की जा रही है। इस कार्य हेतु भुवनेश्वर पटेल बीईओ ने एनटीपीसी के अधिकारियों से मिलकर स्थानीय संकुल शैक्षिक समन्वयक के साथ मिलकर योजना बनाया था। इसी क्रम में 03 लर्निंग सेंटर छपोरा, लर्निंग सेंटर लारा एवं लर्निंग सेंटर एकताल के 80 विद्यार्थियों, 22 पालकों, 02 सरपंच, 04 शिक्षकों, 06 फैकल्टी सदस्यों, को पीएम जवाहर नवोदय विद्यालय भूपदेवपुर के शैक्षणिक भ्रमण ले जय गया। इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को जवाहर नवोदय विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन, अध्ययन के वातावरण एवं उपलब्ध सुविधाओं से परिचित कराना है, ताकि उनके मन में नवोदय विद्यालय में प्रवेश पाने की प्रेरणा बढ़े और वे अपने लक्ष्य के प्रति अधिक उत्साह एवं समर्पण के साथ तैयारी कर सकें। छात्रों ने नवोदय विद्यालय का प्रशासकीय भवन, लाइब्रेरी, अटल टिंकरिंग लेब, कंप्यूटर लेब, म्यूजिक रुम, स्मार्ट क्लास, ए पी जे अब्दुल कलाम साइंस पार्क, हॉस्टल, मेस का प्रत्यक्ष अवलोकन किया और सारी गतिविधियों का समीप से जानने और समझने का अवसर मिला। इस पहल को सफल बनाने में संकुल छपोरा, संकुल रेंगालपाली, संकुल महलोई एवं संकुल कोंडपाली के संकुल शैक्षिक समन्वयकों तथा संबंधित कोऑर्डिनेटर दुर्गेश केशरी, शाला के शिक्षकों का महत्वपूर्ण योगदान है। शिक्षकों के समर्पण, निरंतर मार्गदर्शन और मेहनत से विद्यार्थियों को नवोदय प्रवेश परीक्षा के लिए तैयार किया जा रहा है।

खरसिया में बायपास सड़क और रेलवे ओवरब्रिज का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

खरसिया रेलवे ओवरब्रिज पूरा करने एक साल का टारगेट



रायगढ़। खरसिया क्षेत्र में प्रस्तावित बायपास सड़क और निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज का कलेक्टर ने निरीक्षण किया। उन्होंने बायपास निर्माण में आ रही तकनीकी बाधाओं को संबंधित विभागों के समन्वय से शीघ्र दूर कर निर्माण कार्य शुरू कराने तथा रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण गुणवत्ता के साथ आगामी वर्षा ऋतु से पहले पूरा करने के निर्देश दिए। खरसिया में बायपास क्रमांक.3 के तहत कबीर चौक से डभरा रोड तक लगभग 2.5 किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण किया जाना है।

कलेक्टर ने प्रस्तावित मार्ग का निरीक्षण कर सड़क की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने सड़क किनारे स्थित नहर का अवलोकन किया और निर्माण से जुड़े तकनीकी पहलुओं की जानकारी ली। कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय से तकनीकी बाधाओं का शीघ्र निराकरण करने तथा आवश्यक प्रक्रिया, पूरी कर निर्माण कार्य जल्द शुरू कराने के निर्देश दिए। बायपास सड़क बनने से शहर के भीतर से गुजरने वाले सैकड़ों भारी वाहनों को वैकल्पिक मार्ग मिलेगा। इससे शहर के मुख्य मार्गों पर यातायात का दबाव कम होगा और जाम की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही आवागमन अधिक सुगम होने से यातायात व्यवस्था बेहतर होगी।

तय समय सीमा में होगा पूरा

कलेक्टर ने हावड़ा मुंबई रेलमार्ग पर खरसिया यार्ड के पास किलोमीटर 620/13.15 स्थित लेवल क्रॉसिंग क्रमांक 313 पर निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज का भी निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को काम में तेजी लाने, गुणवत्ता बनाए रखने और आगामी वर्षा ऋतु से पहले निर्माण पूरा करने के निर्देश दिए। लगभग 64.95 करोड़ रुपये की लागत से बन रहे इस रेलवे ओवरब्रिज के तैयार होने से रेलवे फाटक बंद रहने के दौरान वाहनों को होने वाली प्रतीक्षा से राहत मिलेगी।

गुम सुदगी की सूचना
बी.एस.सी. नर्सिंग पंजीयन प्रमाण पत्र गुमने की सूचना
मैं, हेमलता प्रधान, पिता श्री चतुर्भुज प्रधान, निवासी ग्राम टिनमिनी, तहसील पुसौर, जिला रायगढ़ (छत्तीसगढ़), का छत्तीसगढ़ नर्सेस रजिस्ट्रेशन काउंसिल, रायपुर द्वारा जारी बी.एससी. नर्सिंग पंजीयन प्रमाण पत्र, पंजीयन क्रमांक L1-20706, कहीं गुम हो गया है। काफी खोजबीन करने के बावजूद प्रमाण पत्र नहीं मिल पाया है। उक्त प्रमाण पत्र मिलने पर कृपया सूचित करने का कष्ट करें। यह सूचना प्रमाण पत्र के गुम होने के संबंध में प्रकाशित कराई जा रही है।
आवेदिका
हेमलता प्रधान
मो.न.9977799670
ग्राम टिनमिनी, तहसील पुसौर, जिला रायगढ़ (छत्तीसगढ़)

न्यायालय तहसीलदार सरिया, जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ (छ.ग.)
रा.मा.क्र
अ-63अ वर्ष 2025-26
ग्राम - पिहरा प.ह.नं. 05
जारी दिनांक 19/10/2026
पेशी दिनांक 23/10/2026
// ईश्तहार //
एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम पिहरा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका टिकेनोनी पटेल पिता गोपालो पटेल जाति माली निवासी मानिकपुर बड़े तहसील सरिया जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़ छ0ग0 के द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि आवेदिका के नाम से ग्राम पिहरा में स्थित भूमि कुल ख.नं. 08 रकबा 1.484 एवं बिजेपुर चि.पा. कुल खसरा नं 05 कुल रकबा 0.576 है। में आवेदिका का नाम राजस्व रिकार्ड में आनंदमती दर्ज हो गया किंतु आधार कार्ड एवं समस्त दस्तावेजों में आवेदिका का नाम टिकेनोनी पिता गोपाला पटेल दर्ज कराना बताया उक्त खाता में आवेदिका का नाम आनलाईन राजस्व रिकार्ड में आनंदमती उर्फ टिकेनोनी के नाम से सुधार करने हेतु निवेदन किया है।
अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह स्वंय या अपने किसी अभिभाषक के माध्यम से नियत तिथि 23/10/2026 तक पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त उजर दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
तहसीलदार
सरिया



रोमांस और मस्ती का डोज लेकर आ रहीं 6 नई जोड़ियां

मुंबई। लव फिल्म्स ने छह नए चेहरों की जोड़ियों वाले शानदार नए पोस्टर रिलीज किए हैं, जिनमें फिल्म की मजेदार केमिस्ट्री, यंग एनर्जी और लीक से हटकर अंदाज देखने को मिल रहे हैं। 'पहला प्यार दूसरी बार' में अलीशा चोपड़ा, स्पर्श वालिया, साक्षी वैद्य, कुणाल वैद, सरगुन कौर लूथरा और तुषार छिब्बर हैं, जो इसी फिल्म से अपने अभिनय करियर की शुरुआत करेंगे। लव फिल्म्स की मच अवेटेड फिल्म 'पहला प्यार दूसरी बार' 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म में फ्रेंडशिप, कॉमेडी, पहले क्रश, फ्रेंडशिप बॉन्ड और ट्विस्ट के साथ प्यार को मिलने वाले दूसरे मौके को दिखाया गया है। इस फिल्म को डेब्यूटेंट डायरेक्टर अनुज सैनी ने डायरेक्ट किया है।

लाइफ Style



रश्मिका

400 परिवारों को लिया गोद

एजेंसी ▶▶ मुंबई

रश्मिका मंदाना अपनी आगामी फिल्म 'रणबाली' में जयम्मा का किरदार निभा रही हैं। हाल ही में उन्होंने कई जरूरतमंद परिवारों के राशन का खर्च उठाने का संकल्प लिया। इस बात को जयम्मा से जोड़ते हुए उन्होंने सोशल मीडिया पर फैंस से जानकारी साझा की।

अभिनेत्री रश्मिका मंदाना की फिल्म 'रणबाली' जल्द रिलीज होने वाली है। इससे पहले एक्ट्रेस ने फैंस का दिल जीतने वाला काम कर दिखाया है। उन्होंने 400 परिवारों को गोद लिया है। अब वह तीन-तीन महीने की किस्तों में उनके राशन का खर्च उठाएंगी। इससे वह बाकि लोगों को भी इस तरह के नेक काम करने के लिए प्रोत्साहित करेंगी। रश्मिका मंदाना ने अपनी इस सामाजिक सेवा की जानकारी सोशल मीडिया पर फैंस के साथ शेयर की। उन्होंने लिखा, 'आप जिन किरदारों को निभाते हैं, उनमें कुछ ऐसा होता है जो आपको प्रभावित करते हैं। आपमें से कई लोग मुझसे पूछते रहते हैं कि क्या जयम्मा और मुझमें कोई समानता है? मेरा जवाब है हां - और यह उनमें से एक है। यह हमेशा से मैं रही हूं और यह वह भी है और मैं हमेशा आपके प्यार के लिए इस तरह की चीजें करती रहूंगी... लेकिन मैंने इसे हमेशा गुप्त रखा क्योंकि मुझे लगता था कि अगर सिर्फ मुझे, मेरी टीम को और हममें से कुछ लोगों को पता हो तो काफी है। लेकिन, अब मैं इस बारे में खुलकर बात कर रही हूं क्योंकि मैं सोच रही हूं, अगर इससे आप सभी प्यारे लोगों को भी ऐसा कुछ करने की प्रेरणा मिले तो मुझे खुशी होगी।'

हॉलीवुड मसाला



पॉल्टरजिस्ट में हुआ था असली कंकालों का इस्तेमाल

नई दिल्ली। फिल्म पॉल्टरजिस्ट को शापित इसलिए भी कहा जाता है, क्योंकि बहुत कम उम्र में इसके कलाकारों की रहस्यमी मौत हो गई। वहीं, पैसे बचाने के लिए इसमें मेकर्स ने इसमें असली मानव कंकाल का इस्तेमाल किया था। दरअसल, इस फिल्म में एक सीन था जिसमें जोबेथ विलियम्स को मानव कंकाल से भरे एक पूल में कूदना था। विलियम्स को यह नहीं पता था कि सीन में इस्तेमाल किए गए कंकाल असली थे। उन्हें कई सालों बाद एक स्पेशल इफेक्ट्स क्रू मेंबर से यह बात पता चली, जिसे जानकर वह बेहद हैरान रह गई थीं। अपने समय में इस फिल्म को इतना डरावना माना गया था कि अमेरिकन फिल्म इंस्टीट्यूट ने इसे इतिहास की सबसे रोमांचक और रोंगटे खड़े कर देने वाली फिल्मों की सूची में शामिल किया था।



नार्निया: द मैजिशियंस नेफ्यू का ट्रेलर आउट

नई दिल्ली। नेटफ्लिक्स ने अपनी आगामी फिल्म 'नार्निया: द मैजिशियंस नेफ्यू' का पहला ट्रेलर जारी कर दिया है, जिसमें सीएस लुईस की काल्पनिक दुनिया की झलक दिखाई गई है। लेड जेपेलिन के गाने 'स्टेयरवे टू हेवन' की धुन पर बने इस शानदार ट्रेलर की शुरुआत डैनियल क्रेग के किरदार एंड्रयू केटरली (जो कहानी का मुख्य जादूगर है) की इस बात से होती है कि 'कभी-कभी एक कहानी ही बाकी सभी कहानियों की शुरुआत होती है। इसके बाद वह बच्चों को एक जादुई अंगूठी देता है, जो उन्हें अलग-अलग अद्भुत और काल्पनिक दुनियाओं में ले जाती है। बच्चे जादुई जीवों और जानवरों से मिलकर हैरान और मंत्रमुग्ध रह जाते हैं। इस फिल्म की कास्ट में डेविड मैकेकेना, बीट्राइस कैंपबेल, एम्मा मैकी, कैरी मुलिगन, सियारान हिंड्स के साथ-साथ डैनियल क्रेग, मेरिल स्ट्रीप, कोबना होल्डब्रुक-स्मिथ, डेनिस गफ और सुसान वोकोमा शामिल हैं।



हॉरर फिल्म में अलग अवतार में दिखेंगी

मुंबई। कृति सेनन पहली बार एक हॉरर फिल्म का हिस्सा बनने जा रही हैं। ये एक प्योर हॉरर जॉनरा वाली पिक्चर होगी। कृति ने अपने करियर में कई तरह की फिल्मों में कई तरह के किरदार निभाए हैं। हालांकि, एक पूरी तरह से डरावनी फिल्म का हिस्सा वो नहीं बनी थीं। अब वो मैडॉक फिल्म्स के बैनर तले बनने वाली इस बेहद डरावने प्रोजेक्ट का हिस्सा बनने के लिए तैयार हो गई हैं। बताया जा रहा है कि ये एक बड़े स्केल की हॉरर फिल्म होगी, जिसके प्री-प्रोडक्शन पर काम शुरू हो गया है। वैरायटी इंडिया ने अपनी रिपोर्ट में सोर्स के हवाले से बताया है, 'वैसे तो उन्होंने कई इंटरव्यूज में कहा है कि उन्हें हॉरर फिल्में देखना पसंद नहीं। उन्होंने ये भी कहा है कि वो चाहती हैं कि वो हॉरर जॉनरा को एक्सप्लोर करें और एक एक्टर के तौर पर खुद को चैलेंज करें।



69वें ग्रैमी अवॉर्ड्स में चलेगा अरिजीत का जादू

नई दिल्ली। इस साल की सबसे सफल हिंदी फिल्म धुरंधर 2 ने पूरी दुनिया में कामयाबी का परचम लहराया था। बीते दिनों से ग्रैमी पुरस्कार 2027 की वजह से भी धुरंधर द रिवेंज का नाम सिनेमाई गलियारे में छाया हुई है। अब फिल्म के फिर से... गाने के सिंगर अरिजीत सिंह ने ये जानकारी दी है कि उनके इस गीत को 69वें ग्रैमी अवॉर्ड्स के लिए विचार किए जाने वाले गानों की लिस्ट में शामिल हो गया है। हालांकि, इसे आधिकारिक ग्रैमी नॉमिनेशन नहीं माना जाएगा। अरिजीत सिंह ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर एक लेटेस्ट पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट के जरिए अरिजीत ने धुरंधर द रिवेंज के फिर से... गीत के ग्रैमी अवॉर्ड्स 2027 में विचार किए जाने वाले गीतों की सूची में शामिल होने की आधिकारिक जानकारी दी है।

टीवी मसाला



केबीसी 18 : दो भाषाओं में बिग बी ने डायलॉग बोलकर सबको चौंकाया!

नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन का शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' इन दिनों खूब चर्चा में है। जल्द ही इस शो में सिंगर मीका सिंह और फाल्गुनी पाठक नजर आने वाले हैं। इससे पहले मेकर्स ने सोशल मीडिया पर इस एपिसोड के प्रोमो वीडियो शेयर किए हैं। वीडियो में अमिताभ बच्चन शानदार डायलॉग बोलते हुए नजर आ रहे हैं। इंस्टाग्राम पर जारी वीडियो में देखा जा सकता है कि अमिताभ बच्चन के साथ सिंगर फाल्गुनी पाठक और मीका सिंह हैं। मीका सिंह अमिताभ से कहते हैं, 'सारी दुनिया आपसे एक डायलॉग सुनना चाहती है, वह है 'अग्निपथ' का। मगर इसे पंजाबी में बोलना पड़ेगा।' इसके बाद अमिताभ बच्चन ने पंजाबी में फिल्म का डायलॉग बोला जो इस तरह है 'मेरा नाम दीनानाथ चौहान है।' इसके बाद फाल्गुलनी पाठक ने अमिताभ बच्चन से कहा कि जरा चार लाइन गुजराती में भी हो जाए। इसके बाद अमिताभ बच्चन गुजराती में डायलॉग बोलते हैं, जो हिंदी में इस तरह है 'रिश्ते में हम तुम्हारे बाप लगते हैं। नाम है दीनानाथ चौहान।' इसके बाद मीका सिंह कहते हैं कि पूरी दुनिया में सिर्फ एक ही सुपरस्टार है वह है अमिताभ बच्चन। शो के एक दूसरे प्रोमो में अमिताभ बच्चन नवरात्रि के बारे में बताते हैं। इस बीच फाल्गुनी पाठक गुजराती में एक गाना गाती हैं। वहीं मीका सिंह भी एक गाना गाते हैं और डांस करते हैं।

नकुल की एंट्री से स्काउट-यंग की दोस्ती में आई दरार

नई दिल्ली। शो 'बिग बॉस 20' में हाल के दिनों में हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला है। शो में वाइल्डकार्ड के जरिए आए नकुल ढुल को खेल के अहम नियम तोड़ने की वजह से बाहर कर दिया गया है। मगर, उनके आने के बाद घर वालों के बीच रिश्ते बिगड़ते दिख रहे हैं। आसिफ खान और लव गिल के बीच झगड़ा देखा गया है। नकुल धुल के हाथापाई मामले को लेकर पूरा घर बंटा हुआ था। इस बीच लव गिल ने जाकर नकुल से बात की। यह देख बाकी घर वालों को अजीब लगा। काजी ने आसिफ और गुल्लू के सामने कहा, 'लव ऐसा क्यों कर रही है। मेरी समझ के बाहर है'। आसिफ खान ने लव को टोका। इस पर लव ने कहा, 'मैं बोल रही हूं कि मैंने कोई फालतू बात नहीं की'। आसिफ कहते हैं, 'अरे कुछ भी बात करो, पर ऐसे साथ में नहीं बैठना चाहिए लव तुम्हें। यह गलत बात है'। आसिफ के टोकने पर लव नाराज हो गई कि आसिफ उन्हें क्यों निर्देश दे रहे हैं! इस पर आसिफ कहते हैं, 'चिल्लाकर बात मत कर। आसिफ और लव एक-दूसरे पर चिल्लाने लगे। आसिफ इस दौरान लव पर बुरी तरह भड़क गए। उन्होंने लव गिल को नकुल की 'चापलूस' और 'गंवार' तक कह दिया।



दिल और दिमाग खोल देंगीं ये शॉर्ट फिल्में... महज कुछ मिनटों में मिलेगा पूरी फिल्म का मजा

नई दिल्ली। मनोरंजन जगत की कुछ कहानियां ऐसी होती हैं, जिनका प्रभाव सिनेप्रेमियों पर पड़ने के लिए 2-3 घंटों की जरूरत नहीं पड़ती है, बल्कि कुछ ही मिनट ही चाहिए होते हैं। कम समय में ऐसी फिल्में दर्शकों के दिलों और दिमाग पर गहरी छाप छोड़ जाती है। इस तरह की मूवीज को सिनेमा की दुनिया में शॉर्ट फिल्म्स यानी लघु फिल्मों के नाम से जाना जाता है। शॉर्ट फिल्म की खासियत मनोरंजन के साथ-साथ समाज की सच्चाइयों, मानवीय भावनाओं, रिश्तों और जिंदगी के अनछुए पहलुओं को प्रभावशाली तरीके से पेश करना रहता है। इसी आधार पर आज हम कम समय में दमदार स्टोरी कॉन्सेप्ट दर्शानी वाली भारत की टॉप शॉर्ट फिल्म्स की अहम जानकारी लेकर आए हैं, जिन्हें अलग-अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म पर देखा जा सकता है।



देवी : इस लिस्ट में पहला नाम अभिनेत्री काजोल और श्रुति हासन स्टारर शॉर्ट फिल्म देवी का शामिल होता है। जिसे ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेटफॉर्म पर आसानी से देखा जा सकता है। साल 2020 में रिलीज होने वाली इस शॉर्ट फिल्म का निर्देशन प्रियंका बनर्जी ने किया है। 13 मिनट देवी शॉर्ट फिल्म 9 अलग-अलग उम्र, धर्म, वर्ग और पृष्ठभूमि की महिलाओं की कहानी है, जो यौन हिंसा और बलात्कार की शिकार रह चुकी हैं और अपनी जिंदगी की नई शुरूआत कैसे करती हैं।

चटनी : 16 मिनट 50 सेकेंड की चटनी शॉर्ट फिल्म को यूट्यूब और प्राइम वीडियो ओटीटी प्लेटफॉर्म आसानी से देखा जा सकता है। इस शॉर्ट फिल्म की कहानी दिल्ली-एनसीआर की एक सीधी-साधी महिला के पति के एक्स्ट्रा मैरिटल अफेयर की पोल खुलने के इर्द-गिर्द घूमती है। 2016 में चटनी का डायरेक्शन ज्योती कपूर दास ने किया है।

तांडवा : लिस्ट में अगला नंबर दिग्गज अभिनेता मनोज बाजपेयी स्टारर शॉर्ट फिल्म तांडव का आता है, जो यूट्यूब पर मौजूद है। 2016 में रिलीज होने वाली 11 मिनट की इस शॉर्ट फिल्म में दिखाया गया है कि एक पुलिस कॉन्स्टेबल अपनी नौकरी के साथ-साथ किन-किन समस्याओं के तनाव से गुजरता है और कैसे अपने सब का बांध तोड़ देता है।

इंटीरियर कैफे नाइट : अभिनेता नसीरुद्दीन शाह स्टारर 13 मिनट की शॉर्ट फिल्म इंटीरियर कैफे नाइट का नाम इस सूची से कैसे बाहर रखा जा सकता है। निर्देशक अधिराज बोस की ये लघु फिल्म प्यार, यादों और समय के साथ हुए बदलाव की एक इमोशनल स्टोरी दिखाती है और ये मूवी यूट्यूब पर मौजूद है। आपको बता दें कि इंटीरियर कैफे नाइट को दुनियाभर के 22 फिल्म फेस्टिवल्स में प्रदर्शित किया गया था, जिनमें से इसने 6 प्रमुख फिल्म समारोह में इसने जीत का परचम लहराया था।

उड़ता तीर का दूसरा ट्रेलर कॉमेडी एक्शन और एंटरटेनमेंट से है भरपूर

नई दिल्ली। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान की फिल्म 'उड़ता तीर' का नया ट्रेलर आ चुका है, जो कॉमेडी, एक्शन और एडवेंचर से भरपूर है। आकाश ए. कौशिक के निर्देशन में बनी यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मजा और भी बढ़ गया है। पहले ट्रेलर को मिले जबरदस्त रिस्पॉन्स के बाद धर्मा प्रोडक्शंस और सिख्या एंटरटेनमेंट की फिल्म 'उड़ता तीर' एक बिल्कुल नए ट्रेलर के साथ वापस आ गया है। यह ट्रेलर और भी ज्यादा एक्शन, कॉमेडी और एंटरटेनमेंट से भरपूर है। मजेदार पलों, अनोखी परिस्थितियों और चौंकाने वाले ट्विस्ट से भरा यह नया ट्रेलर फिल्म के कॉमेडी अंदाज को और भी खास बनाता है। इससे दर्शकों को थिएटर में एक शानदार और मनोरंजक अनुभव मिलने की उम्मीद है। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान स्टारर 'उड़ता तीर' का नया ट्रेलर कॉमेडी, एक्शन और एंटरटेनमेंट लेकर आया है। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान स्टारर 'उड़ता तीर' अपनी अनोखी कहानी और अलग तरह की कॉमेडी की वजह से चर्चा में रही है। नया ट्रेलर उस उत्साह को और बढ़ाता है, जिसमें फिल्म के



ह्यूमर और किरदारों की मजेदार स्थितियों की एक झलक मिलती है। जोरदार कॉमेडी और दमदार कास्ट के साथ यह ट्रेलर दर्शकों को फिल्म का बेसब्री से इंतजार करने की एक और वजह देता है और इसके थिएट्रिकल रिलीज के लिए उम्मीदें बढ़ा देता है। 'उड़ता तीर' का पहला ट्रेलर 23 सितंबर को रिलीज हुआ था। 'उड़ता तीर' एक हिंदी स्पाई-कॉमेडी फिल्म है। यह फिल्म बिलाल अहमद (आयुष्मान खुराना) की कहानी है, जो एक पाकिस्तानी इंटेलिजेंस ऑपरेटिव है।

नौ साल की उम्र में पहला गाना, 25 रुपए मेहनताना

चूड़ी जो खनके... नवरात्रि और गरबा की पहचान बन चुकी हैं फाल्गुनी

'मैंने पायल है छनकाई', 'याद पिया की आने लगी' और 'चूड़ी जो खनके' जैसे गानों से लोगों के दिलों में जगह बनाने वाली फाल्गुनी पाठक सिर्फ एक गायिका नहीं, बल्कि नवरात्रि और गरबा की पहचान बन चुकी हैं। जैसे ही नवरात्रि का त्योहार आता है और डांडिया का जिक्र होता है, तो लोगों के जहन में जो गाने सबसे पहले आते हैं वह फाल्गुनी पाठक के ही होते हैं। हालांकि, इस मुकाम तक पहुंचने का उनका सफर आसान नहीं था।



नई दिल्ली। बचपन में छत पर गाने से लेकर पहली परफॉर्मेंस के लिए महज 25 रुपए मिलने तक, उन्होंने कई चुनौतियों का सामना किया। परिवार की उम्मीदों से अलग संगीत को अपना जुनून बनाने वाली फाल्गुनी ने अपनी मेहनत, अनोखी आवाज और दमदार लाइव परफॉर्मेंस के दम पर ऐसी पहचान बनाई कि आज उन्हें 'गरबा क्वीन' कहा जाता है।

बचपन से ही संगीत से लगाव : फाल्गुनी पाठक का जन्म 1971 में मुंबई के खार इलाके में एक गुजराती परिवार में हुआ। वह पांच बेटियों में सबसे छोटी थीं। उनके घर में संगीत का माहौल था और रेडियो पर पुराने हिंदी गाने बजते रहते थे। उनकी एक बहन शास्त्रीय संगीत सीखती थीं। फाल्गुनी भी उनके पास बैठकर गाने सुनती और धीरे-धीरे खुद गाने लगीं। एक इंटरव्यू में फाल्गुनी ने बताया था कि संगीत की बाकायदा ट्रेनिंग नहीं ली थी। बल्कि, पुराने हिंदी गाने सुन-सुनकर गाना सीखा और धीरे-धीरे अपनी आवाज और गायकी को निखारा। वह घर की छत पर गाती थीं और पड़ोसी उनसे अपनी पसंद के गाने सुनाने की फरमाइश करने लगते थे।

माता-पिता की थी यह ख्वाहिश

हालांकि, संगीत सीखने और गाने का उनका शौक परिवार की उम्मीदों से मेल नहीं खाता था। उनके माता-पिता चाहते थे कि बेटी पढ़-लिखकर डॉक्टर या इंजीनियर बने। उस दौर में एक लड़की का कम उम्र में मंच पर गाना और पेशेवर कार्यक्रमों में हिस्सा लेना हर परिवार के लिए सहज बात नहीं थी।

पहले गाने से खुश नहीं थे पिता

फाल्गुनी पाठक को पहली बार गाने के लिए पैसे तब मिले, जब वह सिर्फ नौ साल की थीं। स्वतंत्रता दिवस के एक कार्यक्रम में उन्होंने फिल्म कुर्बानी का मशहूर गाना 'लैला मैं लैला' गाया। इस परफॉर्मेंस के लिए उन्हें 25 रुपए मिले, जो उन्होंने अपनी मां को दे दिए। लेकिन उनके गाने से पिता खुश नहीं थे। फाल्गुनी ने एक इंटरव्यू में बताया था कि इस बात पर उनके पिता नाराज हुए और उन्हें सजा भी मिली। इसके बावजूद, गाने के प्रति उनका प्यार कम नहीं हुआ।

कैसे गरबा क्वीन बनीं?

फाल्गुनी पाठक की लोकप्रियता का सबसे बड़ा कारण उनके लाइव शो रहे हैं। जहां कई गायक अपने हिट गानों के लिए पहचाने जाते हैं, वहीं फाल्गुनी ने मंच पर अपनी अलग पहचान बनाई। उनके कार्यक्रमों में लोग सिर्फ गाने सुनने नहीं, बल्कि गरबा और डांडिया खेलने के लिए भी पहुंचते हैं। उनके शो में संगीतकारों की टीम, ढोल की थाप, गुजराती लोकधुनें और दर्शकों के साथ उनका जुड़ाव एक अलग माहौल बनाता है। जब हजारों लोग एक साथ उनके गानों पर गरबा करते हैं, तो पूरा कार्यक्रम उत्सव में बदल जाता है। यही वजह है कि उनके प्रशंसक हर साल नवरात्रि में उनके कार्यक्रमों का इंतजार करते हैं। धीरे-धीरे उनकी लोकप्रियता मुंबई से निकलकर गुजरात और देश के दूसरे शहरों तक पहुंची।

इस गाने ने बदल दी पहचान : नवरात्रि के कार्यक्रमों से फाल्गुनी पाठक को पहचान मिल रही थी, लेकिन 1990 के दशक के आखिर में उनके गानों ने उन्हें देशभर के लोगों के बीच लोकप्रिय बना दिया। साल 1998 में उनका गाना 'याद पिया की आने लगी' रिलीज हुआ। इसकी धुन और संगीत वीडियो लोगों को खूब पसंद आया। इस गाने ने फाल्गुनी को उन लोगों के बीच भी पहचान दिलाई, जिनका गरबा या डांडिया से कोई खास जुड़ाव नहीं था। इसके बाद 'मैंने पायल है छनकाई' और 'मेरी चुनर उड़ उड़ जाए' जैसे गानों ने उनकी लोकप्रियता को और बढ़ाया। उनके गानों में प्यार, इंतजार और जवानी की भावनाएं थीं, जिन्हें लोग आसानी से समझ पाते थे। वहीं, उनके संगीत वीडियो में उनका अलग अंदाज और पहनावा भी दर्शकों को आकर्षित करता था। उस दौर में हिंदी फिल्मों के गानों के अलावा निजी म्यूजिक एल्बम भी लोगों के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रहे थे। फाल्गुनी पाठक ने इसी दौर में अपनी अलग पहचान बनाई। उनकी आवाज और गानों का अंदाज ऐसा था कि लोग उन्हें सुनते ही पहचानने लगे।

खबर संक्षेप

समर्थन मूल्य पर होगी दलहन तिलहन की खरीदी

रायगढ़। किसानों की आय को सुरक्षित करने और दलहन तिलहन फसलों की खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान पीएम आशा योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026-27 में अधिसूचित दलहन एवं तिलहन फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य एमएसपी पर खरीदी की जाएगी। इसके लिए जिले में 17 सहकारी समितियों को अधिसूचित किया गया है। योजना के तहत अरहर, उड़द, मूंग, मूंगफली और सोयाबीन की खरीदी की जाएगी। किसानों को योजना का लाभ लेने के लिए 31 अक्टूबर 2026 तक पंजीयन कराना अनिवार्य है।

किशोरियों का हो रहा एचपीवी टीकाकरण



रायगढ़। ग्रीवा कैंसर से बचाव के लिए एचपीवी टीकाकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में बुधवार को शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामभांठा की स्वास्थ्य टीम ने रामभांठा सेक्टर के अंतर्गत कार्मेल स्कूल में टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित कर 14 बालिकाओं को एचपीवी का टीका लगाया। शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप 14 वर्ष की आयु पूरी कर चुकी और 15 वर्ष की आयु पूरी नहीं करने वाली किशोरियों का टीकाकरण किया जा रहा है। एचपीवी यानी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस के संक्रमण से बचाव में यह टीका महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समय पर टीकाकरण से भविष्य में ग्रीवा कैंसर के जोखिम को कम करने में मदद मिलती है।

अधिकारियों ने किया डीसीएस का निरीक्षण

रायगढ़। जिले में डिजिटल क्रॉप सर्वे डीसीएस के दूसरे चरण का कार्य किया जा रहा है। सर्वे कार्य में सटीकता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए राजस्व एवं कृषि विभाग के अधिकारी मैदानी स्तर पर निरीक्षण कर रहे हैं। इसी क्रम में लैलूंगा और धरमजयगढ़ तहसील के विभिन्न गांवों में सर्वे कार्यों का जायजा लेकर सर्वेयरों को आवश्यक निर्देश दिए गए। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व लैलूंगा राकेश कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में ग्राम कुंजारा, खैरबहल एवं कोड़केल में डिजिटल क्रॉप सर्वे के कार्यों का निरीक्षण किया गया। वहीं अनुविभागीय अधिकारी राजस्व धरमजयगढ़ प्रवेश पैकरा ने धरमजयगढ़ तहसील के ग्राम मिरीगुड़ा एवं उदउदा में सर्वे कार्यों का जायजा लिया। अधिकारियों ने सर्वेयरों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार कार्य करने तथा खेतों में बोई गई फसलों की वास्तविक स्थिति के अनुरूप जानकारी दर्ज करने के निर्देश दिए। डिजिटल क्रॉप सर्वे के अंतर्गत धान सहित अन्य फसलों का खेतों में भौतिक सत्यापन कर डिजिटल प्रविष्टि की जा रही है।

10 से 24 जनवरी तक मोबाइल एप से स्व गणना

रायगढ़। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण की तैयारियों के तहत रायगढ़ के सृजन सभाकक्ष में जिला एवं चार्ज स्तरीय जनगणना अधिकारियों और कर्मचारियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी मयंक चतुर्वेदी ने प्रशिक्षण के दौरान जनगणना की प्रक्रिया को गंभीरता से समझने और कार्य के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या से बचने के लिए सभी शंकाओं का समाधान प्रशिक्षण के दौरान ही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उप जनगणना अधिकारी धनराज मरकाम ने जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इससे प्राप्त आंकड़े विकास योजनाओं के निर्माण, प्रशासनिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और विभिन्न नीतियों के निर्धारण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, नागरिकों को 10 से 24 जनवरी तक मोबाइल एप के माध्यम से स्व.गणना का अवसर मिलेगा। इसके बाद 25 जनवरी से 28 फरवरी तक प्रगणक घर घर जाकर जनगणना का कार्य करेंगे। इस दौरान निर्धारित प्रारूप के अनुसार परिवारों से आवश्यक जानकारी एकत्र की जाएगी।

रायगढ़ विधानसभा के गांवों को वित्त मंत्री ने दी विकास कार्यों की सौगात

ग्रामीण विकास व जनसुविधाओं का विस्तार सरकार की प्राथमिकता: ओपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





सभा को संबोधित करते वित्त मंत्री और उपस्थित ग्रामीण।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र के प्रत्येक गांव में बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना और हर परिवार तक विकास का लाभ पहुंचाना प्राथमिकता है। गांवों में शिक्षाए पोषण, खेल और सामाजिक आयोजनों के लिए आवश्यक अधोसंरचना विकसित होने से ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। आंगनबाड़ी भवन बच्चों के पोषण एवं प्रारंभिक देखभाल को मजबूती देंगेए स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष से शैक्षणिक व्यवस्था बेहतर होगी तथा सामुदायिक भवन और सांस्कृतिक शेड ग्रामीणों के सामाजिक जीवन को सुविधाजनक बनाएंगे। विभिन्न ग्रामों में विकास कार्यों की सौगात मिलने पर ग्रामीणों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार जताया।

इस दौरान रायगढ़ विधानसभा क्षेत्र में ग्रामीण विकास और बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को गति देते हुए वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विभिन्न ग्रामों में लाखों के विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। ग्राम केसाईपाली ग्राम पंचायत घुटकूपाली में मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण की योजना के तहत 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित सांस्कृतिक शेड का लोकार्पण किया गया। वहींए सीएसआर मद से 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया। सांस्कृतिक शेड ग्रामीणों के सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों के लिए उपयोगी होगा, जबकि सामुदायिक भवन से गांव में सामूहिक गतिविधियों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। ग्राम रियापाली ग्राम पंचायत घुटकूपाली में सीएसआर मद से 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया गया। भवन के निर्माण से ग्रामीणों को सामाजिक कार्यक्रमों और सामुदायिक गतिविधियों के आयोजन के लिए सुविधा मिलेगी। ग्राम दर्रीपाली ग्राम पंचायत देवलसुर्रा में सीएसआर मद से 14.35 लाख रुपए की लागत से आंगनबाड़ी भवन, 13.10 लाख रुपए की लागत से क्रिकेट मैदान में अहाता निर्माण तथा 10.27 लाख रुपए की लागत से प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कक्ष के निर्माण का भूमिपूजन किया गया। इन कार्यों से बच्चों के लिए पोषण और शिक्षा संबंधी सुविधाएं बेहतर होंगी, वहीं क्रिकेट मैदान में अहाता बनने से खेल गतिविधियों के लिए व्यवस्थित वातावरण उपलब्ध होगा। ग्राम बोड़ाझरिया कान्दागढ़ में सीएसआर मद से 14.35 लाख रुपये की लागत से बनने वाले आंगनबाड़ी भवन का भूमिपूजन किया गया। इसके साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग विकास प्राधिकरण के अंतर्गत 7 लाख की लागत से निर्मित शेड का लोकार्पण किया गया।

75 लाख की लागत से बनेगा नया हाई स्कूल भवन

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शाउमावि राममांठा में 75 लाख की लागत से बनने वाले नवीन हाई स्कूल भवन का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में उन्होंने उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। नया कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि वित्त मंत्री ने विद्यालय के शाला नायक सुमन के हाथों नवीन भवन का भूमिपूजन कराया। उन्होंने सुमन को कहा कि जीवन में इतनी ऊंचाई हासिल करें कि भविष्य में आप हमसे भी बड़े विकास कार्यों का भूमिपूजन करें। वित्त मंत्री ने कहा कि वर्ष 2025 में राममांठा विद्यालय को हाई स्कूल से उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के रूप में उन्नत किया गया। पहले यहां केवल दसवीं कक्षा तक पढ़ाई की सुविधा थी, लेकिन अब बारहवीं कक्षा तक शिक्षा की व्यवस्था होने से राममांठा और आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को बड़ी सहूलियत मिल रही है।

गजानंदपुरम में 10.45 करोड़ से बनेगा ऑक्सीजोन

शहर के बीचो-बीच भूजबंधान तालाब के लिए 5 करोड़, रामलीला मैदान के कायाकल्प के बाद अब शहरवासियों के लिए एक और बड़ी सौगात मिली है। गजानंदपुरम कॉलोनी के पीछे वार्ड नंबर 40 के 6 एकड़ में फैली बंजर भूमि पर ऑक्सी जोन विकसित करने के लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रयासों से 10.45 करोड़ की स्वीकृति मिली है। क्षेत्र वासियों की यह मांग बहुप्रतीक्षित थी। जिसे ओपी चौधरी ने पूरा कर जनभावना का सम्मान किया।



कटेली में 21 सालों से गूंज रहा है माता का जयकारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटेली

दुर्गा समिति ने बताया गया कि गांव में यह आयोजन कोई आज का नहीं, बल्कि पिछले 21 वर्षों से लगातार अनवरत जारी है।

हर वर्ष समिति द्वारा भव्य आयोजन किया जाता है। समिति के अनुसार नवरात्रि के 9 दिन और दशहरा तक रोजाना दुर्गा पंडाल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति होती है। जिसमें लोक कला मंच, आकर्षक झांकियां और अन्य भक्ति कार्यक्रम समिति द्वारा कराए जाते हैं, जिसे देखने के लिए आसपास के ग्रामीणों की भीड़ उमड़ती है। नवरात्रि के अंतिम दिन समिति द्वारा विशाल महा भंडारा का आयोजन किया जाता है, जिसमें आसपास के हजारों श्रद्धालु भक्त प्रसाद ग्रहण करते हैं। देवी विसर्जन के दिन माता रानी की प्रतिमा को गांव के हर गली मोहल्ले से होते हुए डीजे और झांझ मंजीरा की भक्ति धुनों के साथ ले जाया जाता है और मुड़ा तालाब में विसर्जन किया जाता है।

पवन पुत्र हनुमान से केलो मैया बचाने की मिन्नतें



रायगढ़। दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, नीलमधव मंदिर के पास श्री हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रार्थना की गई। शहर के लोगों ने पवन पुत्र हनुमान से शहर की जीवनदायिनी केलो मैया को बचाने की गुहार लगाई। शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाने की मांग की। केलो मैया निरंतर औद्योगिक अपशिष्ट से प्रदूषित हो रही हैं। रायगढ़ बचाओ लड़ेंगे रायगढ़ के विनय शुक्ला ने बताया कि विगत माह से हनुमान चालीसा का पाठ और प्रार्थना कार्यक्रम शहर के विभिन्न हनुमान मंदिर में आयोजित हो रहा है। 13 अक्टूबर को संध्या 7 सूत्रीय मांगों को लेकर हमर रायगढ़ को बचाने के लिए बेलादुला निवासियों द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ और प्रार्थना किया गया।

ग्राम पंचायत खर्री छोटे में 15 वें वित्त की राशि का दुरुपयोग



कटेली। जिला पंचायत सारंगढ़ के समीप पंचायत खर्री छोटे में 15वें वित्त आयोग की राशि के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। आरोप है कि पंचायत ने नया पंप स्थापना, तलाब शाप सफाई और बोर.बोरिंग मरम्मत के नाम पर राशि का आहरण कर लिया, जबकि मौके पर कोई काम ही नहीं हुआ है।

ग्रामीणों ने बताया कि खेती किसानी एवं अन्य कार्य के लिए एक ही रास्ता है जिसपर आना जाना रहता था जिस पुलिया की मरम्मत का भुगतान 13 सितंबर को हो गया था, भुगतान की जानकारी होने पर ग्रामीणों ने पुलिया निर्माण जल्द कराने के लिए सरपंच पति को बोला गया तब जाकर भुगतान के महीने दिन बाद जर्जर पुल का सुधार किया गया। जर्जर पुल से निकाले गए सरिया को पुराने सरिया को इस्तेमाल कर पुनः निर्माण कर दिया गयाए वर्तमान सरपंच विमल कांति के स्थान पर उनके पति सौदागर पंचायत में मनमानी तरीके से कार्य कर रहा है ग्राम सभा एवं अन्य पंचायत मीटिंग में सौदागर रहता है। बोर बोरिंग की स्थापना, मरम्मत, तालाब साफ सफाई, पानी बिजली अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश और चिंता है। इस पंचायत में लगातार 15वें वित्त की राशि का दुरुपयोग कर रहे है। इस राशि पर हर 6 महीने में पंप स्थापना बोर बोरिंग का बिल भुगतान किया जा रहा है जो की जमीन स्तर पर कार्य नहीं कराई जा रही है बार बार नए पंप की स्थापना पंचायत में हो रही है जिसका फर्जी बिल लगातार लगाई जा रही हैं। 4 महीने पहले भी मोटर पंप सामग्री के नाम पर बिल लगाकर भुगतान कर लिया गया। आरोप है कि कागजों में सभी कार्य पूर्ण दिखाए जा रहे हैं लेकिन जमीनी स्तर पर एक भी काम नजर नहीं आ रहा। ग्रामीणों का आरोप है कि विकास कार्यों को रोककर सरपंच पति अपनी जेब भर रहे हैं।

> इस संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सारंगढ़, ने कहा की निर्माण कार्य के लिए अग्रिम राशि निकाली गई होगी, अगर इस तरह कृत्य किए जाएंगे तो कार्रवाई की जाएगी
> **राधेश्याम नायक, सीईओ जपं**

मतदाताओं के पंजीयन के साथ सत्यापन पर जोर

रायगढ़। जिले में मतदाता सूची के सत्यापन और छूटे हुए पात्र नागरिकों के नाम जोड़ने के लिए अक्टूबर माह में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों पर विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। इन शिविरों के माध्यम से मतदाता सूची का सत्यापन करने के साथ पात्र नागरिकों को नाम जुड़वाने की प्रक्रिया की जानकारी दी जा रही है। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र 15 लैलूंगा के अंतर्गत मतदान केंद्र सरडेगा, झगरपुर, लारीपानी, बगुडेगा, कंझारी, पाकरगांव, रेगड़ी, सारसमाल, मुकड़ेगा, अंगेकेला तथा कोडासिया में विशेष शिविर आयोजित किए गए। वहीं विधानसभा क्षेत्र 19.धरमजयगढ़ के अंतर्गत मतदान केंद्र बरघाट कुमरता, जोगड़ा, बकरूमा,परसा एवं धरमजयगढ़, बायसी.1, पोड़ीछाल, छर्राटांगर, गेरसा, सजापाली, चरखापारा, तथा उदुड़ा में विशेष शिविर का आयोजन किया गया।

नवरात्रि पर जगराता झांकी का आयोजन



बरमकेला। शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर बरमकेला नगर में 14 अक्टूबर को नवरात्र के अवसर पर भव्य जगराता झांकी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नगर पंचायत बरमकेला के साप्ताहिक बाजार परिसर स्थित सार्वजनिक दुर्गा समिति स्थल पर आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आकर्षक साज सज्जा, रंग बिरंगी रोशनी, माता रानी की मनमोहक झांकी और भक्ति गीतों से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम में शामिल श्रद्धालुओं ने माता रानी के जयकारे लगाते हुए भजनों का आनंद लिया। देर रात तक कार्यक्रम स्थल पर भक्तों की भीड़ जुटी रही और पूरा वातावरण माता की भक्ति से सराबोर नजर आया।

नवरात्र के अवसर पर आयोजित इस विशेष कार्यक्रम को लेकर नगरवासियों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम स्थल को आकर्षक विद्युत सजावट से सजाया गया था। रोशनी से जगमगाते परिसर और श्रद्धालुओं की उपस्थिति ने आयोजन की भव्यता को और बढ़ा दिया। परिवार सहित पहुंचे श्रद्धालुओं ने माता रानी के दर्शन किए तथा भजन कीर्तन में भाग लेकर आध्यात्मिक आनंद प्राप्त किया। कार्यक्रम में महिलाओं, युवाओं, बुजुर्गों सहित विभिन्न आयु वर्ग के लोगों की अच्छी भागीदारी रही। कार्यक्रम में सांवरिया म्यूजिकल ग्रुप, सारंगढ़ के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रद्धालुओं को भक्तिरस में डुबो दिया। भजन गायक केशव साहू और भजन गायिका भूमिका जाटवर ने माता रानी की महिमा पर आधारित भजनों की प्रस्तुति देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। मधुर संगीत और भक्ति से परिपूर्ण प्रस्तुतियों के दौरान श्रद्धालु भाव विभोर नजर आए। माता के जयकारों और तालियों की गूंज से कार्यक्रम स्थल लगातार उत्साह से भरा रहा।

श्रीमद् भागवत कथा अनुष्ठान व भंडारे का आयोजन



सरिया। कोई भी शुभ अवसर पर लोग पूजा पाठ करवाने के बाद अंत में भंडारा करवाते हैं। भंडारा में लोग अपनी श्रद्धा और क्षमता अनुसार भंडारे का आयोजन करता है। भंडारे की परंपरा भारत में प्राचीन काल से चली आ रही है। इसी उद्देश्य को लेकर नगर के धर्म परायण नरेश अग्रवाल ने श्रीमद् भागवत कथा अनुष्ठान के बाद आम भंडारा का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर भंडारे में भोग प्रसाद ग्रहण किया।

सरिया में गुरुवार को एक धार्मिक अनुष्ठान के आयोजन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। धर्म परायण नरेश अग्रवाल ने बताया कि वर्षों बाद श्रीमद् भागवत का आयोजन किया गया था। तथा इस बार भी श्रीमद् भागवत आयोजन समापन के बाद भंडारे का आयोजन मन में आ रहा था। इसी उद्देश्य को लेकर विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु भंडारा में पहुंचकर भोग प्रसाद ग्रहण किया। हिंदू धर्म में अन्नदान को सभी दान में सबसे बड़ा और श्रेष्ठ दान माना गया है। कथा के पूर्ण होने पर भगवान को भोग लगाकर प्रसाद के रूप में भोजन कराया जाता है। इसमें सभी भक्तों को प्रसाद प्राप्ति का सौभाग्य मिला। बताते हैं कि अनुष्ठान की सफलता और भगवान का आभार व्यक्त करने के लिए भंडारा प्रसाद का आयोजन किया जाता है। इसी धार्मिक मान्यता की अनुसार इसके लिए किए गए धार्मिक कार्य की पूर्णता और सफलता बढ़ती है।

छात्र-छात्राओं ने किया टीआरएन एनर्जी का शैक्षणिक भ्रमण



रायगढ़। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कटाईपाली सी के विद्यार्थियों को जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक रायगढ़ के मार्गदर्शन में तथा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी धरमजयगढ़ के नेतृत्व में शैक्षणिक भ्रमण कराया गया इस तारतम्य में टी आर एन एनर्जी 600 मेगा वाट के पावर प्लांट में ले जाया गया।

विद्यालय के आग्रह पर उद्योग प्रबंधन ने बच्चों को अपने स्वयं के साधन से लेकर अपने प्लांट का भ्रमण कराया। इस अवसर पर बच्चों को ऑपरेशन हेड डोलनारायण पटेल ने प्रॉजेक्टर के माध्यम से पी पी टी तैयार कर पावर प्लांट के बारीकियों को बताया उसके पश्चात विद्यार्थियों को ऑपरेशन हेड डोलनारायण पटेल उनके डिप्टी मनोज सिंह फायर एंड सेफ्टी हेड काज़ी इकबाल कंट्रोल ऐंड टूल्स हेड नीलेश मोंगा के साथ उनकी टीम ने बॉयलर, जनरेटर, कोल साइजिंग, वाटर प्लांट स्वीच यार्ड, ट्रांसफार्मर आदि आदि क्षेत्रों का भ्रमण करा कर पावर जनरेट होने के बारीकियों को बताया। भ्रमण के बाद क्वेश्चन हावर में बच्चों ने टी आर एन एनर्जी की यात्रा को यादगार पल बताते हुए कहा कि एक बटन दबाते ही घर रोशन हो जाता है उसके लिए कितने मेहनत लगता है उसको किन किन प्रक्रियाओं से गुजरना होता है आज हमें पता चला। उद्योग की साफ सफाई और सुंदरता भी हमें बहुत अच्छा लगा। बच्चों ने आगे कैरियर चुनने में भी मदद मिलने की बात कही। प्लांट हेड प्रहलाद प्रसाद ने जीवन में आगे बढ़ने के लिए बहुत ही सुंदर व सारगर्भित मोटिवेशन दिया एवं शैक्षणिक भ्रमण के लिए उनके उद्योग को चुनने के लिए बच्चों को धन्यवाद दिया। उद्योग प्रबंधन ने बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था भी किया। बच्चों को डायरी एवं पेन देकर उत्साह वर्धन किया। प्लांट के सिक्योरिटी एंड एडमिनिस्ट्रेशन हेड वायुनंदन पांडेय ने शैक्षणिक भ्रमण कार्यक्रम का बहुत ही अच्छा संयोजन किया। शाला परिवार ने उद्योग के अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

सुरक्षित पार्किंग और टी पॉइंट पर बनेगा स्पीड ब्रेकर

मुख्य मार्गों पर यातायात दबाव कम करने पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले में यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाने, सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने तथा औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा मानकों को मजबूत करने के उद्देश्य से कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी एवं एसएसपी शशिमोहन सिंह ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की।

बैठक में जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने, यातायात प्रबंधन, औद्योगिक सुरक्षा, कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, आबकारी अधिनियम, हिट एण्ड रन के प्रकरण, अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम, चिट फण्ड संबंधी मामले के अंतर्गत कार्यवाही एवं लंबित प्रकरणों के निराकरण तथा आगामी त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए व्यवस्थाओं में सुधार के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार करने पर जोर दिया। बैठक में पूंजीपथरा से घरघोड़ा मार्ग सहित विभिन्न प्रमुख सड़क मार्गों पर यातायात का दबाव कम करने के लिए कार्ययोजना तैयार करने पर चर्चा की गई। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को सड़क के किनारे सुरक्षित पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान चिन्हित करने के निर्देश दिए ताकि वाहनों की अनियंत्रित पार्किंग से यातायात बाधित न हो। इसके साथ ही दुर्घटनाओं की आशंका कम करने के लिए टी.पॉइंट पर आवश्यकतानुसार स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश भी दिए गए। औद्योगिक क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने इंडस्ट्रियल सेफ्टी स्टैंडर्ड हैंडबुक तैयार करने के निर्देश दिए। इसका उद्देश्य औद्योगिक प्रतिष्ठानों में सुरक्षा मानकों के पालन, दुर्घटनाओं की रोकथाम तथा आपातकालीन परिस्थितियों में प्रभावी कार्रवाई के लिए आवश्यक दिशा निर्देशों को व्यवस्थित रूप से उपलब्ध कराना है।

स्कूलों के आसपास तंबाकू गुटखा बिक्री पर कार्रवाई

विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर ने जिले के स्कूलों के आसपास तंबाकू एवं गुटखा बेचने वाली दुकानों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। संबंधित विभागों को इस संबंध में नियमों का पालन सुनिश्चित करने और उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई करने पर जोर दिया गया।

